### जिला सभा जयपुर की कार्यकारिणी की मीटिंग सम्पन्न

15 जुलाई, 2017 को प्रदेश सभा भवन विद्याधर नगर, जयपुर के बेसमेन्ट में श्री घनश्याम जांगिड जिलाध्यक्ष जयपुर की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की मीटिंग हुई। मुख्य अतिथि के रूप में श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) प्रदेशाध्यक्ष एवं मंचासीन अतिथियों में श्री कैलाश लोईवाल संरक्षक बगरू, श्री कैलाश शर्मा सालीवाले (महामंत्री प्रदेश सभा), श्री बसंत जांगिड चुरू पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, श्री रमेश कुमार शर्मा जिलाध्यक्ष उदयपुर, श्री हेमन्त जांगिड जिलाध्यक्ष बांरा, श्री राहुल शर्मा युवाप्रदेशाध्यक्ष राज., श्री सीताराम टटेरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला सभा जयुपर, श्री हनुमान कोलाया कार्यकारी अध्यक्ष जिला सभा, श्री रामगोपाल जांगिड प्रभारी जिला सभा, श्री सुरेश पिलवाल पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री मुकेश कुमार झाझवाड़ तह. अध्यक्ष बस्सी, श्री चिरंजीलाल जांगिड तह. अध्यक्ष विराट नगर, श्री शंकरलाल बारू तह. अध्यक्ष फुलेरा, श्री प्रभाती लाल जी, श्री अशोक जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष जालसु, श्री मामराज जांगिड तह. अध्यक्ष शाहपुरा, श्री लल्लूराम जांगिड तह. अध्यक्ष जमुवारामगढ़, श्री रतनलाल जांगिड तहसील अध्यक्ष दूदु, श्री चतुर्भुज जी जोबनेर, श्री सीताराम जांगिड अध्यक्ष पांच्यावाला, श्री अशोक हर्षवाल आमेर, श्री कुन्दनमल जी, श्री मूलचन्द लावण्डीवाल, श्री आनन्दी लाल, श्री महेश जी सभी विधानसभा क्षेत्र ब्लॉक अध्यक्ष, श्री हनुमान जांगिड तह. अध्यक्ष बगरू आदि मंचासीन हुए।

भगवान विश्वकर्मा जी की पूर्जा-अर्चना माल्यार्पण व दीप प्रज्व्लन सामूहिक आरती के पश्चात् मीटिंग का शुभारम्भ हुआ। श्री रमेश कुमार शर्मा महामंत्री जिला सभा द्वारा गत मीटिंग की कार्यवाही रिपोर्ट पढ़ी एवं अनुमोदन करवाया।

इस अवसर पर श्री कैलाश शर्मा (सालीवाले) द्वारा अपने उद्बोधन में अभी 14 मई, 2017 को इन्दौर में आयोजित महासभा की मीटिंग के पश्चात् घटनाक्रम पर प्रकाश डाला तथा बताया कि समाज सर्वोपरि है वो संविधान से भी ऊपर है। यदि समाज का हित है तो संविधान को भी हमें छोड़ना पड़ता है, क्योंकि हमारा छोटा सा संविधान है। हर प्रकार के नियम व शर्तें उसमें निहित नहीं हैं और समाज हित में तो हम निर्णय ले ही सकते हैं।

श्री बसंत शर्मा चुरू द्वारा भी राजनैतिक विचार रखे। उन्होंने कहा हम चुपचाप बैठ जाते हैं, सभी क्षेत्र में आर्थिक, शिक्षा, कला में अग्रणी हैं, जब दूसरा समाज हमें देखता है तो हर प्रकार की ताकत हमारे बीच होनी चाहिए। संकट के समय समाज की एक जुटता होनी चाहिए। हमें राजनैतिक क्षेत्र में भी स्थान चाहिए। श्री सीताराम टटेरा द्वारा एक कविता पाठ किया गया।

श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विरोध करना गलत नहीं है पर हमें भाषा का गलत उपयोग नहीं करना चाहिए। सीमा रेखा पारकर आगे निकलना समाज के लिए अत्यन्त हानिकारक है। समाज तरक्की करे, विकास करे, संगठन को मजबूती मिले इसी के लिए तो संविधान बना है। प्रधान जी ने छ: वर्षों में समाज को जगा दिया।

मिशन एक लाख के लिए तहसील अध्यक्षों द्वारा रिपोर्ट पेश की गई है। उन्होंने जयपुर जिले की जनगणना जिसमें समाज का राजनैतिक एवं सामाजिक हित निहित है, उसके लिए बताया कि 45% कार्य पूर्ण हो चुका है, कार्यकर्ताओं की कमी है शीघ्र ही प्रदान कर इसे सुलझाना है।

उन्होंने आह्वान किया कि जिला स्तर पर प्रतिभाओं का सम्मान जो सम्पूर्ण जिले से हो उनका सम्मान समारोह सितम्बर 2017 में आयोजित करने के लिए भी बताया। सभी उपस्थित समाज बन्धुओं ने इसकी सहमति भी प्रदान की। तह. अध्यक्ष श्री मुकेश झाझवाड़ द्वारा अपनी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वहीं पूर्व बस्सी तह. अध्यक्ष द्वारा अपनी उपलब्धियों के साथ अपना विरोध भी प्रकट किया, जिसे श्री घनश्याम जी जिलाध्यक्ष द्वारा बस्सी तहसील की मीटिंग में आमंत्रित करने एवं समाधान के लिए आश्वासन दिया।

मंच संचालन श्री रमेश शर्मा महामंत्री जिला सभा द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज बन्धुओं एवं कार्यकारिणी के सदस्यों में श्री भगवान सहाय कड़वाणिया, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल, श्री विनोद कुमार, श्री अनन्त देव बरवाड़िया उदयपुर, श्री साधुराम जी, श्री राधेश्याम चिचावा तथा श्री रामजी लाल जांगिड संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री जगदीश जी चरण नदी, श्री राधेश्याम जी जोबनेर, श्री गोपाल पाटोदिया, श्री ओमप्रकाश जांगिड विश्वकर्मा ट्रेडर्स, श्री भंवरलाल जांगिड पूर्व अध्यक्ष झोटवाड़ा, श्री लल्लूलाल जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा झोटवाड़ा, श्री सी.एम. जांगिड महामंत्री कर्मचारी समिति, श्री सी.एम. शर्मा ढेहर का बालाजी, श्री हरिराम जांगिड तहसील अध्यक्ष नावां सिटी, श्री जगदीश प्रसाद झोटवाड़ा, डॉ. प्रेमनारायण शर्मा, श्री शंकर लाल लदरेचा बीकानेर, श्री आर.पी. जांगिड सोडाला, श्री बृजमोहन जांगिड समेल, श्री जगदीश खटखड़, श्री गोपाल पेडवाल, श्री दामोदर प्रसाद शाहपुरा, श्री भागीरथ जी आतेला, श्रीमती कृष्णा जांगिड, श्री कन्हैयालाल चिचावा, श्री घासीलाल जांगिड बून्दी, श्री डालचन्द धामा, श्री बी.सी रावत एडवोकेट, श्री कैलाश चन्द जांगिड पूर्व अध्यक्ष सोडाला, श्री राम बाबू रावत, श्री ओमप्रकाश जांगिड कानोता, श्री गोपाल जी कानोता, श्री शिव कुमार जी बगरू, श्री राजेश कुमार जांगिड कांवट, श्री कन्हैयालाल धामा, श्री सीताराम जांगिड अध्यक्ष शाखासभा पांच्यावाला, श्री गोपाल बिसायती पांच्यावाला आदि उपस्थित हुए।

इस अवसर पर सभी अतिथियों का सम्मान हुआ। श्री प्रभाती लाल जी, नव निर्वाचित तह. अध्यक्ष बगरू श्री हनुमान जी, श्री रामस्वरूप जी पटेल जमुवारामगढ़ तथा पत्रकारों में श्री आर.पी. शर्मा एवं श्री हरिराम जांगिड का भी सम्मान किया गया।

### गणपत लाल जांगिड विकास अधिकारी ने जीता ग्रामीणों का दिल

श्री गणपत लाल जांगिड विकास अधिकारी पंचायत समिति गडरारोड, जिला बाड़मेर में लोगों की पसंद बन गये। गडरारोड पंचायत समिति के जैसे ही विकास अधिकारी नियुक्त हुए विभाग की छवि बदलने की ठान ली तथा दिन-रात मशक्कत कर भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेन्स का रवैया अपनाते हुए रेगिस्तान के गाँवों में विकास कार्यों को अन्जाम दिया गया। जो दूसरी पंचायत समितियों के लिए मिसाल बन गये हैं।

विकास अधिकारी गणपत लाल जांगिड अपने कार्यक्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर काफी सक्रीय रहते हैं तथा कार्यों की मॉनीटरिंग स्वयं करते हैं1 पंचायत समिति के खुडाजी ग्राम पंचायत में जिले का सबसे सुन्दर पंचायत भवन निर्माणाधीन है, जिसके बनने के बाद एक ही छत के नीचे ग्रामीणों को ग्राम सेवक, पटवारी, सरपंच और कृषि विभाग के कर्मचारी मिल सकेंगें। सड़क मार्ग बनाने को भी प्राथमिकता से लिया। परिणाम स्वरूप मुख्य सड़कों का जाल मनरेगा के तहत बिछा दिया।

इस प्रकार गणपतलाल जांगिड ग्रामीणों के पसंदीदा बन गये हैं।

### प्रदेश सभा राजस्थान की कार्यकारिणी मीटिंग सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न

15 जुलाई, 2017 को प्रदेश सभा भवन विद्याधर नगर, जयपुर में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा राजस्थान की कार्यकारिणी की मीटिंग प्रदेशाध्यक्ष श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) की अध्यक्षता में

आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ उपप्रधान महासभा श्री बी.सी. शर्मा एवं अतिथियों में श्री लखन शर्मा प्रभारी राज. एवं उपप्रधान महासभा, डॉ. अशोक जांगिड उपप्रधान, श्री शिव नारायण थानेदार उपप्रधान, श्री बसंत जांगिड चुरू (अध्यक्ष राजनैतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सभा राज.), श्री बसंत गेपाल मुख्य चुनाव प्रभारी प्रदेश सभा राजस्थान, डॉ. मुकेश समलेटी जिलाध्यक्ष दौसा, श्री रमेश चन्द शर्मा जिलाध्यक्ष उदयपुर, श्री तुलसीराम जांगिड जिलाध्यक्ष भरतपुर, श्री मनरूप जांगिड जिलाध्यक्ष झुंझुनुं, श्री भंवरलाल जांगिड अध्यक्ष जांगिड विकास समिति पाली, श्री घीसूलाल जांगिड जिलाध्यक्ष पाली, श्री हुकम चन्द जांगिड जिलाध्यक्ष सवाई माधोपुर, श्री अर्जुन लाल जांगिड मलिकपुर, श्री कन्हैयालाल जांगिड चिचावा महासभा, श्री चौथमल जांगिड जिलाध्यक्ष सीकर, श्री अशोक कुमार अठवासिया अध्यक्ष सोजत सिटी, श्री हेमन्त कुमार जांगिड जिलाध्यक्ष बांरा, श्री मदनलाल जांगिड जिलाध्यक्ष कोटा, श्री प्रहलादराय आमेरिया महासभा, श्री घनश्याम जांगिड जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा (आर.ए.एस.), श्री ओमप्रकाश जांगिड (आर.ए.एस.), श्री प्रेम जांगिड, श्री मूलचन्द बिसायती वयोवृद्ध समाज सेवी, श्री सीताराम शर्मा (शर्मा एण्ड कम्पनी), श्री पूरणचन्द जी झोटवाड़ा उद्योगपति, श्री कैलाश जी लोईवाल उद्योगपति बगरू, श्री शंकर लाल जांगिड कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री आर.डी. शर्मा एडवोकेट, श्री सत्यनारायण दायमा जिलाध्यक्ष अजमेर, श्री बाबूलाल पंवार पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष महासभा, श्री खेमचन्द जांगिड जिलाध्यक्ष अलवर, श्री राहुल शर्मा युवा प्रदेशाध्यक्ष राज. आदि मंचासीन हुए। सर्वप्रथम अनन्त देव जी द्वारा मीटिंग का प्रारंभ भगवान विश्वकर्मा जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सामूहिक आरती कर किया गया।

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों में श्री चिरंजीलाल जांगिड अध्यक्ष छात्रावास सीकर, श्री नन्द लाल खण्डेला, श्री मदनलाल आमेरिया पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री सुरेश पिलवाल पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री शंकर लाल जांगिड, श्री प्रभुजी लबाणा वाले, श्री हनुमान सहाय जी मोटरबॉडी, श्री प्रभु जी अचरोल, श्री राजेश शर्मा (डिजाईन एण्ड फेब्रीकेशन) जयपुर, श्री हनुमान कोलाया कार्यकारी अध्यक्ष जिलासभा, श्री सीताराम टटेरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिलासभा, श्री प्रकाश बड़वाल, श्री मुकेश पार्षद, श्री रामस्वरूप खटवाड़िया जांगिड सेवा समिति चौमूं से, श्री चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष दादी का फाटक, श्री लल्लूलाल जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा झोटवाड़ा, श्री भंवरलाल जांगिड पूर्व अध्यक्ष झोटवाड़ा, श्री सी.एम. शर्मा ढेहर का बालाजी, श्री छीतरमल जांगिड महामंत्री कर्मचारी समिति, श्री पी.डी. हर्षवाल, श्री भीमराज जांगिड (कलाकृति), श्री प्रहलाद जांगिड मशीन टूल्स सुदर्शनपुरा, श्री किशोरीलाल जांगिड राजेन्द्र मशीन टूल्स, श्रीमती कृष्णा जांगिड, श्री मनोहरलाल शर्मा दूरदर्शन (आकाशवाणी), श्री चन्द्रकान्त शर्मा कुमार फोटोज, श्री महेश कुमार जांगिड एवं श्री बृजमोहन जांगिड पूर्व अध्यक्ष जां. हस्तकला सेवा समिति जयपुर, श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड (सांगरोल), श्री बृजमोहन जांगिड एवं श्री सत्यनारायण जांगिड पूर्व अध्यक्ष जां. समाज हस्तकला सेवा समिति दुर्गापुरा, श्री के.एल. शर्मा, श्री जगदीश जी डूंगरी जां. समाज हस्तकला सेवा समिति से, श्री शंकर लाल लदीया बीकानेर से, श्री अनन्त देव बरवाडिया उदयपुर, श्री ब्रह्मदेव शर्मा ब्यावर, श्री मूलचन्द जांगिड पूर्व अध्यक्ष सवाई माधोपुर, श्री घासीलाल जांगिड प्रभारी बून्दी, श्री बाबूलाल सरपंच, श्री जगदीश जी चरण नदी, श्री सूरज जी वाटिका, श्री चर्तुभुज जी जोबनेर, श्री राधेश्याम जी जोबनेर, डॉ. प्रेम नारायण जांगिड, श्री ओमप्रकाश मोरीवाल, श्री प्रहलादराय जी कटेवा नगर, विश्वकर्मा युवा शक्ति से श्री लालचन्द जांगिड, श्री सुरेश गोगोरिया एवं सभी पदाधिकारी, युवा प्रकोष्ठ जयपुर से श्री मनोज जांगिड एवं सभी पदाधिकारीगण, श्री अशोक हरसोलिया, श्री पप्पूलाल देशमा, श्री हरिनारायण गुर्जर की थड़ी, अध्यक्ष श्री योगेश कड़वाणिया, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे एवं श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री भागचन्द जांगिड किशनगढ़, श्री श्रवण जी अंगारी धाम, श्री महोदव कडवाणिया एडवोकेट, श्री रतनलाल जांगिड दूदू (तह. अध्यक्ष), श्री तेजकुमार जांगिड (आर्टिस्ट), श्री धनराज बांरा, श्री राजेश कांवट, पावटा से श्याम सुन्दर, श्री कैलाश, श्री बाला सहाय चिचावा मनोहरपुर, श्री मामराज जांगिड तह. अध्यक्ष शाहपुरा आदि उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष श्री रविशंकर जी को 3 वर्ष के कार्यों देखकर राजस्थान को सर्वश्रेष्ठ राज्य का दर्जा महासभा द्वारा देने के उपलक्ष्य में जिला सभा जयपुर द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) का भी अभिनन्दन पत्र भेंटकर सम्मान किया, क्योंकि वे भी पर्दे के पीछे रहकर प्रदेश को आगे लाने में अहम् भूमिका निभाई।

मीटिंग सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं अपार जांगिड बन्धुओं की उपस्थिति में हुई।

श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) महामंत्री प्रदेश सभा द्वारा प्रदेश सभा के तीन वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, श्री शंकरलाल जांगिड कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का विवरण पेश किया गया तथा अतिथियों द्वारा उद्बोधन हुआप्रदेशाध्यक्ष द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। अन्त में सभी ने सहभोज का आनन्द लिया जो श्री रविशंकर शर्मा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा प्रायोजित था।

### ब्रह्म ऋषि अंगिरा जयंति समारोह ''ऋषि पंचमी'' पर अंगारी धाम थानागाजी (अलवर) में

26 अगस्त, 2017 ऋषि पंचमी पर विशाल मेला व अंगीरा जयन्ती पर तपोस्थली राष्ट्रीय अंगिरा धाम, अंगारी तहसील थानागाजी (अलवर) में अंगिरा धाम विकास संस्थान अंगारी द्वारा आयोजित किया जायेगा।

कार्यक्रम : ब्रह्म ऋषि अंगिरा एवं भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना : प्रात: 8 बजे, कलश शोभा यात्रा : प्रात: 8.15 बजे, विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति के नेतृत्व में वाहन रैली जयपुर से अंगारी धाम के लिए प्रस्थान प्रात: 10.15 बजे, स्वामी अभयदास महाराज निर्विकार पीठाधीश्वर के नेतृत्व में वाहन रैली जयपुर प्रात: 10.15 बजे, श्री अंगिरा युवा उत्थान समिति बगरू (जयपुर) के नेतृत्व में वाहन रैली प्रात: 10.15 बजे, झण्डारोहण प्रात: 11.15 बजे, दीप प्रज्ज्वलन दोपहर 12.15 बजे, प्रसादी दोपहर 2.15 बजे।

अत: सभी समाज बन्धु परिवार सहित उपस्थित होकर अंगिरा जयंती महोत्सव (मेला) की शोभा बढ़ावें।

सम्पर्क सूत्र : श्री विजेन्द्र (विष्णु) जांगिड अध्यक्ष मो. 9414641633, श्री श्रवण कुमार जांगिड मुख्य सलाहकार मो. 9414641822, श्री मदनलाल जांगिड कार्यकारी अध्यक्ष मो. 7568761010, श्री राजेन्द्र प्रसाद जांगिड महामंत्री मो. 9887285115, श्री रामकिशोर जांगिड कोषाध्यक्ष मो. 9252682521

**नए मानक तय सभी आरा मशीनों को नए सिरे से लेना होगा लाईसेंस**

राज्य में आरा मशीन चलाने के लिए राज. सरकार ने नए मानक बनाए हैं। सभी आरा मशीनों को अब नए सिरे से लाईसेंस लेना होगा। यह लाईसेंस लकड़ी की डिमांड और सप्लाई के आधार पर दिया जाएगा।

इसके लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक हैड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। वन विभाग के प्रस्ताव पर जून के आखिर में प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। तय किया जायेगा कि वन विभाग के पास पड़ी लकड़ी से मिली धन राशि का उपयोग केवल वनीकरण के लिए ही किया जाएगा।

कमेटी : पी.सी.सी.एफ. हैड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स अध्यक्ष, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय का एक प्रतिनिधि, अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्य आयोजन सदस्य, निदेशक या अतिरिक्त निदेशक उद्योग विभाग, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक विभागीय कार्य योजना का सदस्य और अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक उत्पादन सदस्य सचिव होंगे।

**अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, शाखा सभा झोटवाड़ा की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

23 जुलाई, 2017 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा शाखा सभा झोटवाड़ा की नवगठित कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण का आयोजन विश्वकर्मा मन्दिर, गंगा सागर कॉलोनी, ग्राम चम्पापुरा, ढाणी रूज्या, कालवाड़ रोड़, जयपुर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ उपप्रधान महासभा श्री बी.सी. शर्मा एवं अध्यक्षता श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा की गई। विशिष्ठ अतिथियों में उद्योगपति श्री पूरणचन्द जी झोटवाड़ा, श्री लखन शर्मा उपप्रधान महासभा एवं प्रभारी प्रदेश सभा, श्री शिवनारायण थानेदार उपप्रधान महासभा, श्री राहुल शर्मा प्रदेशाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) राज., श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री सुरेश पिलवाल पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री लालचन्द जांगिड संरक्षक विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति आदि मंचासीन हुए।

मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना एवं सामूहिक आरती का कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि श्री बी.सी. शर्मा का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया तथा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मान श्री लल्लू नारायण जांगिड नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

अतिथियों द्वारा उद्‌बोधन हुआ, जिसमें संगठन पर चर्चा हुई तथा हाल ही महासभा की इन्दौर मीटिंग के बारे में जो कुछ हुआ अवगत करवाया गया।

सभी नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को अतिथियों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर उपस्थित समाज के प्रबुद्ध एवं संस्थाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित हुए, जिनमें श्री मुकेश झाझवाड़ा तह. अध्यक्ष बस्सी, श्री शंकर लाल बरू तहसील अध्यक्ष फुलेरा, श्री हनुमान जांगिड तह. अध्यक्ष बगरू, श्री अशोक जांगिड तह. अध्यक्ष जालसू, विद्याधर नगर क्षेत्र से ब्लॉक अध्यक्ष श्री दीपक जांगिड, श्री सुरेश गोगोरिया प्रदेशाध्यक्ष विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति, श्री शिवकुमार बरू, श्री प्रहलाद पंवार अध्यक्ष शाखा सभा चौमूं, श्री मूलचन्द जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष सिविल लाईन्स, श्री गौरी शंकर जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष आमेर, श्री भंवरलाल मण्डावरा पूर्व अध्यक्ष शाखा सभा झोटवाड़ा, श्री लक्ष्मीनारायण जी, श्री मोहन खटवाड़िया, श्री ओमप्रकाश जांगिड विश्वकर्मा ट्रेडर्स, श्री जगदीश जी झोटवाड़ा, श्री कन्हैयालाल धामा, श्री गोपाल पाटोदिया, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री राकेश जांगिड झोटवाड़ा, श्री जगदीश खटकड़, श्री कैलाश चन्द शर्मास. निदेशक महिला अधिकारिता जयपुर, श्री कैलाश चन्द शर्मा पूर्व अध्यक्ष सोडाला समिति, श्री भगवान सहाय कड़वानिया जिला सभा जयपुर, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री विनोद जांगिड सभी सोडाला समिति जयपुर, श्री रामबाबू जांगिड एवं श्री जगदीश जी चरण नदी, श्री राधेश्याम तीतरवाड़िया, आदि उपस्थित हुए। श्री आर.डी. गौड जिन्होंने बांसुरी, अलगोजा एवं माऊथ हारमोनियम आदि पर मधुर धुनों से सभी उपस्थित समाज बन्धुओं का मन मोह लिया।

मंच संचालन श्री हरिशंकर जांगिड द्वारा किया गया। अन्त में लल्लू नारायण जी अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा सभी ने सहभोज का आनन्द लिया।

**विश्वकर्मा जांगिड समाज पाली द्वारा रुद्राभिषेक का आयोजन**

17 जुलाई, 2017 श्रावण मास में श्री विश्वकर्मा जांगिड समाज पाली की ओर से प्यारा चौक स्थित विश्वकर्मा मन्दिर में विश्वेश्वर महादेव का रूद्राभिषेक किया गया साथ ही भगवान गजानंद, माता पार्वती, कार्तिकेय भगवान का पूजन कर शिवलिंग का फूलों से विशेष शृंगार कर भोलेनाथ की आराधना कर दूध व जल से अभिषेक करते हुए खुशहाली की प्रार्थना की गई। पूजा-अर्चना एवं आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर लाभार्थी के रूप में मोहनलाल देवाण व भंवरलाल सायल परिवार के अतिरिक्त समाज के पूनाराम सायल, मदनलाल, भूराराम सायल, जगदीश कुमार, चम्पालाल, श्रवण कुमार, अमराराम बुढल, शेषाराम भंवरलाल जांगिड पाखरवड, गणेश कींजा, दिनेश, ओमप्रकाश जांगिड, राजेन्द्र कुमार आदि उपस्थित हुए।

**जयपुर में पांचाल महासभा प्रतिनिधि सम्मेलन का समापन**

16 जुलाई, 2017 को अ.भा. विश्वकर्मा पांचाल महासभा का प्रतिनिधि सम्मेलन झूलेलाल धर्मशाला राजा पार्क, जयपुर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् माननीय श्री वेद प्रकाश पांचाल दिल्ली को बैण्ड-बाजे के साथ मैन रोड से सभा स्थल तक लाया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष श्री खुशीराम पांचाल द्वारा की गई तथा समारोह के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय महामंत्री श्री एम.सी. पांचाल थे, विशिष्ठ अतिथियों में सर्व श्री हेमराज पांचाल इन्दौर, यशपाल पांचाल, आशाराम पांचाल, हरवीर पांचाल, रमेश चन्द्र पांचाल, राजू पांचाल, संजय पांचाल दिल्ली, रमेश सोलंकी पांचाल, मदनलाल पांचाल म.प्र., हरियाणा, उ.प्र., गुजरात, महाराष्ट्र आदि से प्रतिनिधि तथा गंगाराम पांचाल, अम्बालाल पांचाल, कारीलाल पांचाल, नटवर लाल पांचाल बांसवाड़ा, पंकज पांचाल डूंगरपुर, शंकरलाल पांचाल खैरवाड़ा, दुर्गेश पांचाल भीलवाड़ा, हेमराज पांचाल, खेमराज पांचाल, प्रेमचन्द पांचाल, कानाराम पांचाल, गुलाबचन्द पांचाल, श्री नाथ प्रहलाद जी, छीतरलाल, मूलचन्द पांचाल, रामलाल पांचाल, अनिल शर्मा, विजय महेश पांचाल, रामबाबू, मदनलाल, बजरंग लाल, महावीर प्रसाद, डॉ. हरिश शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, सुरेश बैराठी, राकेश, सुरेश श्याम पांचाल सभी जिलाध्यक्ष कार्यकारिणी सहित ने भाग लिया। सभी का शॉल, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। माँ त्रिपुरा सुन्दरी टीम गंगाराम जी, अम्बालाल कारीलाल नटवरलाल आदि द्वारा राष्ट्रीय

अध्यक्ष वेद प्रकाश पांचाल, राष्ट्रीय महामंत्री एम.सी. पांचाल को माँ सुन्दरी की तस्वीर (स्मृति चिह्न) के रूप में भेंट की गई।

सम्मेलन में एक स्मारिका का प्रकाशन, शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में नई टीम बनाकर तथा नया प्रदेशाध्यक्ष कार्यकारी के पद पर श्री शिवदयाल पांचाल मासलपुर को नियुक्त किया गया तथा सभी नई कार्यकारिणियों में 50% युवाओं को शामिल किया जाने का निर्णय लिया गया। शीघ्र ही सभी प्रकार की समाज सहायता हेतु एक नई संस्था का गठन किया जायेगा। सभी आगन्तुक महानुभावों का नाश्ता एवं भोजन प्रसादी के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। मंच संचालन प्रदेश महामंत्री (व्याख्याता) कोटा श्री हेमराज पांचाल द्वारा किया गया।

**प्रदेश सभा हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग 20 अगस्त, 2017 को आयोजित होगी**

20 अगस्त, 2017 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग अग्रवाल धर्मशाला परबौली अड्डा कैथल में प्रातः 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक आयोजित होगी। जिसमें उद्‌घाटक : शीतल सिंह धारीवाल डी.एस.पी. रेलवे पुलिस अम्बाला केंट, मुख्य अतिथि डॉ. शेरसिंह जांगडा प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट जगदीश जांगडा राजस्थान (सुप्रीम कोर्ट), अध्यक्षता श्रीमती सतीशा जांगडा पूर्व चेयरमेन ब्लॉक समिति उचाना तथा मीटिंग का संचालन श्री दीपक जांगडा ट्रेनर आई.ई.एल.टी.एस. कुरुक्षेत्र करेंगी। मीटिंग 3-4 सत्रों में सम्पन्न होगी।

सभी जिलाध्यक्ष 19 अगस्त, 2017 को कैथल में सायं 4 बजे तक पहुँचे, उनके ठहरने का प्रबन्ध जिला कैथल कार्यकारिणी द्वारा किया जा चुका है।

**विश्वकर्मा जांगिड विकास संस्था उदयपुर द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए पदाधिकारियों का किया सम्मान**

16 जुलाई, 207 को विश्वकर्मा जांगिड विकास संस्था उदयपुर की वार्षिक साधारण सभा की बैठक हुई, जिसमें सचिव द्वारा गत बैठक का कार्य विवरण पढ़ा गया। वर्ष 2017-18 के वार्षिक प्रतिवेदन और कार्यकारिणी द्वारा प्रस्तुत अंकेक्षित लेखों का अनुमोदन किया गया। आगामी वर्ष के लिए अंकेक्षक की नियुक्ति की गई। संस्था की गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान करने वाले अमृतराज वशिष्ठ-वास्तुकार जानकी लाल शर्मा को सांस्कृतिक व सह. शैक्षणिक गतिविधियों के लिए, भैरूलाल सुथार को संस्था की समग्र गतिविधियों के संचालन में सक्रीय भागीदारी के लिए, डॉ. गणपत लाल शर्मा, राजकुमार शर्मा, रमेश चन्द शर्मा, अनन्तदेव शर्मा और अम्बालाल सुथार को उत्कृष्ठ कार्यों व योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सभी के मुख्य अतिथि कर्नल सोहनलाल, गोविन्दराम उषाणिया और डी.एन. शर्मा थे। अन्त में पं. अनन्तदेव शर्मा द्वारा शांति पाठ तथा राष्ट्रगान हुआ। सभी ने सहभोज का आनन्द लिया।

**जांगिड सेवा समिति जोधपुर द्वारा बाबाराम देव जी के मेले में जातरुओं के लिए 13वाँ ''विशाल भण्डारा'' का आयोजन**

जांगिड सेवा समिति जोधपुर द्वारा बाबा राम देव जी के मेले में पधारने वाले जातरुओं के लिए 13वें विशाल भण्डारा का आयोजन 17 अगस्त से 21 अगस्त, 2017 तक किया जायेगा।

21 अगस्त, 2017 को सायं 7 बजे भजन संध्या का आयोजन जिसमें भजन गायक राजेन्द्र राव एण्ड पार्टी द्वारा चम्पावत फिलिंग सेन्टर, जोधपुर रोड, पोकरण में किया जायेगा।

कार्यक्रम के संयोजक श्री रामपाल खण्डेलवाल (अध्यक्ष), श्री नारायण लाल कुलरिया (सचिव) एवं किशोर माकड (कोषाध्यक्ष) तथा ललित उत्तम, कंवरलाल माण्डण, तुलसाराम बरड़वा, हीरालाल बरड़वा, सोहनलाल माण्डण, शिवलाल माण्डण, जेठाराम माकड, राकेश कुलरिया, किशोरी लाल भदरेचा, पृथ्वीराज नागल, दयाराम पिडवा, गंगाराम बरड़वा, जगदीश करेल, रामचन्द्र बरड़वा, हनुमान माण्डण, ओमप्रकाश धामू, शेराराम बरनेला, मिश्रीलाल कुलरिया, दीपाराम डोयल, ओमप्रकाश माकड, गोविन्द माकड, महेन्द्र लोहण्डीवाल, चेतन बरड़वा, मनोहर कुलरिया आदि।

**जिला सभा झुंझुनूं द्वारा चतुर्थ जांगिड प्रतिभा सम्मान समारोह 24 सितम्बर, 2017 को**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा झुंझुनूं द्वारा 24 सितम्बर, 2017 को प्रातः 11 बजे सामुदायिक विकास भवन, इन्दिरा नगर, झुंझुनूं में जिले का चतुर्थ जांगिड प्रतिभा सम्मान समरोह आयोजित किया जायेगा। आवेदन प्रपत्र दिनांक 10 सितम्बर, 2017 (अंतिम तारीख) तक प्राप्त कर जमा करवाये जा सकेंगें। यह प्रतिभा सम्मान समारोह दो वर्ष 2016 व 2017 को एक साथ किया जा रहा है, जिसमें सैकण्डरी, सीनियर सैकण्डरी, सी.बी.एस.ई. हेतु प्राप्तांक 75%, स्नातक, स्नातकोत्तर व समकक्ष हेतु 60% प्राप्तांक वाले विद्यार्थी ही आवेदन के लिए पात्र होंगें, जिनको सम्मानित किया जायेगा।

आवेदन के साथ 2016 एवं 2017 में उत्तीर्ण परीक्षा की अंक तालिका/प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करनी होगी।

विशेष उपलब्धि का चयन, चयन समिति के विशेषाधिकाराधीन होगा।

आवेदन प्रपत्र प्रार्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, शासन/गौत्र, पत्र-व्यवहार का पूर्ण पता, जिला झुंझुनूं (राज.) का पिनकोड सहित, फोन नं., मोबाइल नं., पासपोर्ट साइज का फोटो लगा हुआ आवेदन प्रपत्र होना चाहिए।

विस्तृत जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र : 9461424977, 9680088630, 9414744105

**नरेन्द्र दादा एलपुरे के 74वें जन्म दिन पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित**

1 अगस्त, 2017 को श्री विश्वकर्मा जांगिड विकास सेवा समिति भवन देवी नगर, जयपुर में वहाँ श्री 1008 परमहंस सद्‌गुरु दादाजी धुनीवाले सार्वजनिक संस्था, रवि नगर, नागपुर के प्रणेता ''श्री नरेन्द्र दादा एलपुरे'' के 74वें जन्म दिन के पावन अवसर पर जनकल्याण हेतु हर वर्ष की भांति विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 365 युनिट रक्तदान हुआ, जो संतोकबा दुर्लभ जी मैमोरियल हॉस्पिटल द्वारा एकत्र किया गया। नरेन्द्र दादा एलपुरे के जन्म दिन पर नागपुर इन्दौर एवं जयपुर सहित कई शहरों में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर केक काटकर, भक्ति भाव व श्रद्धा से उनको याद किया जाता है। सामूहिक आरती होती है तथा सैंकड़ों दादाभक्त एवं समाज बन्धुओं व अन्य लोग शामिल होते हैं।

जनकल्याण योजना के तहत मेडिकल फ्री चैकअप कैम्प भी लगाया जाता है, जिसमें मेडिकल विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क जाँच एवं परामर्श व औषधि भी नागरिकों को दी जाती है। नेत्र चिकित्सा एवं परामर्श के लिए अजंता आप्टीकल्स एवं पिंक सीटी आई प्लस से श्री नवरंग जांगिड, गेस्ट्रो एंट्रोलॉजिस्ट के डॉ. अनिल जांगिड, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार जैन,

दंत चिकित्सक डॉ. राकेश जांगिड प्रतीक्षा डेन्टल क्लीनिक वास्तु विशेषज्ञ श्री कमल किशोर जांगिड वास्तुकार, एक्यूप्रेशर नेचुरल थैरेपी चिकित्सा के डॉ. एम.सी. जांगिड, प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. अखिलेश शर्मा (अभिषेक हॉस्पिटल) आदि द्वारा नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की, जिसका लाभ सभी दादा भक्त परिवार के सदस्यों व अन्य ने अर्जित किया।

इस अवसर पर प्रबुद्धगणों में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयपुर शहर के अध्यक्ष श्री प्रताप सिंह खाचरियावास, अतिथियों में श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा जयपुर, श्री रमेश चन्द शर्मा महामंत्री जिला सभा जयपुर, श्री रोहिताश सिंह पूर्व पार्षद मनोज जांगिड विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति, श्री लक्की जी हसनपुरा के पार्षद, डॉ. अनिल जांगिड, डॉ. राजकुमार जांगिड, डॉ. राकेश जांगिड, डॉ. भंवर चौधरी, श्री मूलचन्द जांगिड, श्री कमल किशोर वास्तुकार, आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टुडे, हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा आदि उपस्थित हुए। सभी का सम्मान श्री बजरंग लाल जांगिड (दादा कृपा ग्लास), श्री सोहनलाल जांगिड, श्री कैलाश चन्द्र एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। सोहनलाल जांगिड द्वारा मंच संचालन किया गया।

श्री बजरंग लाल जांगिड, श्री सोहनलाल जांगिड, श्री केशर देव जांगिड, श्री नवरंग जांगिड, श्री राधेश्याम, श्री मदनलाल, श्री मनोज जांगिड, श्री मनीष जांगिड, श्री हरिप्रसाद जांगिड, श्री विकास जांगिड आदि दादा भक्त परिवार कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाया।

## डॉ. रजत जांगिड की रिसर्च विश्वकी सर्वश्रेष्ठ जर्नल ''द नी'' में प्रकाशित

जयपुर शहर के जाने-माने ऑर्थोस्कोपी एवं स्पोर्ट्स इंजरी विशेषज्ञ डॉ. रजत जांगिड की रिसर्च विश्व की सर्वश्रेष्ठ जनरल ''द नी'' (The Knee) में प्रकाशित हुई है। डॉ. रजत ने यह रिसर्च घुटने के एन्टेरियर क्रूसियेट लिगामेंट पर की है। इस रिसर्च से घुटने की लिगामेन्ट सर्जरी की तकनीक के विकास में मदद मिलेगी।

अभी हाल ही में शहर के एक निजी अस्पताल में अलवर निवासी 95 वर्षीय महिला की रिविजन हिप रिप्लेसमेन्ट सर्जरी करने में भी सफलता प्राप्त की। जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. रजत के अनुसार 5 वर्ष पूर्व महिला की कूल्हे की हड्डी में फ्रेक्चर हुआ था, लेकिन ऑपरेशन के बाद भी वे चल-फिर नहीं सकती थी। जाँच में पता चला था कि हिप का मेटल का गोला हड्डी में जा घुसा था, ऐसे में एडवांस हिप रिप्लेसमेन्ट सर्जरी ही इसका एक मात्र उपाय थी, लेकिन बुर्जुग महिला की अधिक उम्र बाधा बन रही थी। आखिरकार मरीज की सर्जरी कर महिला को दर्द से राहत दिलाई, वरन् फिर से चल-फिर भी रही है।

इससे पूर्व डॉ. रजत जांगिड का इन्टरनेशनल ओलम्पिक कमेटी द्वारा रियो ओलम्पिक 2016 में चयन हुआ था तथा भारत से मात्र दो डॉक्टर ही रियो ओलम्पिक में गये थे, जिनमें डॉ. रजत जांगिड भी थे।

आप महात्मा गाँधी मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल जयपुर में सहायक प्रोफेसर (ऑर्थोस्कॉपी एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी स्पेशियलिस्ट) के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

## श्री भागीरथमल जांगिड (पूर्व सरपंच) की स्मृति में नि:शुल्क ''ई.एन.टी.'' परामर्श शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय सेवा सेवा योजना ईकाई शिश्यू, राणोली (सीकर) द्वारा श्री भागीरथमल जांगिड (पूर्व सरपंच) ग्राम पंचायत शिश्यू की प्रथम पुण्य स्मृति में नि:शुल्क कान, नाक, गला रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 299 लोगों का पंजीकरण हुआ। जिसमें 10 लोगों को ऑपरेशन की सलाह दी गई। 5 लोगों को सुनने की मशीन प्रदान की गई।

जयपुर की जैन ई.एन.टी. अस्पताल की पूर्ण टीम द्वारा ये सेवाएं प्रदान की गई। ग्राम अटल सेवा केन्द्र में पोधारोपण का कार्यक्रम भी उनकी याद में हुआ। इस कार्यक्रम का प्रारंभ श्री महावीर प्रसाद जांगिड द्वारा किया गया तथा अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि श्री गोपाल यादव ने किया। प्रबुद्ध लोगों में राजेश कुमार जांगिड, मन्जू देवी, सोनम देवी, मधु, प्यारे लाल, मोहन गुर्जर, सीताराम, श्री जमनलाल सैनी, अमित, रामअवतार कुमावत (उप सरपंच), रामनिरंजन शर्मा, हरिपुरी गोस्वामी, संतोष जांगिड, पिंकी जांगिड, सुमित, श्रीमती रामा देवी द्वारा भागीरथ जी की तस्वीर पर अर्पित कर पुष्पहार कर श्रद्धांजली दी। कार्यक्रम का समापन प्यारे लाल जांगिड द्वारा किया गया। मंच संचालन राजेश कुमार कांवट द्वारा किया गया। राम कुंवार (घासीपुरा), राजेश जांगिड का पूरे कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा।

## श्री विश्वकर्मा स्पोर्ट्स एवं कल्चरल सोसायटी की स्थापना

समाज में स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करके प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए श्री विश्वकर्मा स्पोर्ट्स एवं कल्चरल सोसायटी की स्थापना की गई है। वर्ष में एक बार ऑल राजस्थान अथवा ऑल इण्डिया लेवल के टूर्नामेन्ट व अन्य कार्यक्रम किए जायेंगे। अपनी प्रतिभा से अवगत कराने के लिए सम्पर्क सूत्र 9929834506

**-डी.एल. शर्मा (निदेशक)**

## बहरोड़ (अलवर) में विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति की नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ

जांगिड छात्रावास बहरोड़ में 30 जुलाई, 2017 को विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री दयाबन्त जांगिड पूर्व अध्यक्ष द्वारा की गई। जयपुर से विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति के राष्ट्रीय संरक्षक लालचन्द जांगिड, राष्ट्रीय संयोजक महेन्द्र जांगिड, जयपुर जिलाध्यक्ष मनोज जांगिड ने नव गठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई, जिनमें तहसील अध्यक्ष हरीश जांगिड, उपाध्यक्ष नीरज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार, मंत्री अनिल, मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार, सदस्य : महेश, लक्ष्मीनारायण, विकास, ललित, दीपक, सुनील, कालूराम, दिनेश, संजय आदि थे।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अलवर श्री खेमचन्द जांगिड, बानसूर तह. अध्यक्ष श्री रतनलाल जांगिड, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. शिवराम जांगिड कारपेन्टर एसोसिएशन अध्यक्ष चिरंजीलाल जांगिड, श्री प्रकाश चन्द जांगिड आदि उपस्थित रहे।

अन्त में हरीश जांगिड द्वारा सभी का आभार प्रकट किया।

**संत श्री दुलाराम कुलरिया ट्रस्ट की ओर से नरसी कुलरिया ने गौशाला में दिया 10 लाख का अनुदान**

राजस्थान के जालोर जिले के सांचोर में विश्व की सबसे बड़ी पथमेड़ा गौशाला में 25 जुलाई को भयंकर बाढ़ से लगभग 1100 गौवंश की मृत्यु हो गई थी तथा कुछ बीमार हैं, चारे व पशु आहार की भी भारी कमी को देखते हुए संत श्री दुलाराम जी कुलरिया ट्रस्ट की ओर से उनके पुत्रों श्री भंवर कुलरिया, नरसी कुलरिया एवं पूनम कुलरिया द्वारा 10 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। पथमेड़ा में लगभग 50000 गाये हैं।

इससे पूर्व में भी इनकी ओर से 11 लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान की थी। इस प्रकार तीनों पुत्र गौ सेवी स्व. संत श्री दुलाराम जी कुलरिया के पदचिह्नों पर चलते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

जांगिड/सुथार/विश्वकर्मा समाज की ओर से आपको साधुवाद।

**प्रतिभा सम्मान समारोह**

रविन्द्र नाट्य गृह में ''प्राईड ऑफ बीकानेर'' के तहत समारोह में संत श्री दुलाराम कुलरिया पुरस्कार 10वीं, 12वीं में सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को प्रदान किया जाता है, जिसमें इस वर्ष 12वीं के विश्वास व्यास को 1 लाख रु. की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की तथा लगभग 400 विद्यार्थियों को मेडल से नवाज़ा गया। गरिमामय आयोजित समारोह में केन्द्रिय वित्त राज्य मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल, राज्य सरकार के ग्रामीण विकास व पंचायती राज्य मंत्री श्री राजेन्द्र राठौड़, दैनिक भास्कर के वरिष्ठ महाप्रबन्धक श्री धीरज त्रिपाठी, कार्यकारी सम्पादक मधु जी आचार्य, सिंथेसिस के जेठमल सुथार, सत्य प्रकाश जी आचार्य, सहीराम जी दुसाद, महावीर जी रांका आदि गणमान्य उपस्थित रहे। स्व. संत श्री दुलाराम कुलरिया के तीनों पुत्रों श्री भंवर कुलरिया, श्री नरसी कुलरिया एवं श्री पूनम कुलरिया द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने का नियमित रूप से प्रयत्न किया जा रहा है।

**तहसील सभा चाकसू (जयपुर) के अध्यक्ष पद का चुनाव 17 सितम्बर, 2017 को**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा जयपुर द्वारा तहसील सभा चाकसू के अध्यक्ष पद का चुनाव की अधिसूचना 16 जुलाई, 2017 को जारी की।

सदस्यता अभियान की अंतिम तिथि : 16 अगस्त, 2017 सायं 5 बजे तक

नामांकन पत्रों की जाँच : 10 सितम्बर, 2017 प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक

नामांकन वापसी : 10 सितम्बर, 2017 को मध्याह्न 1 से 1.30 बजे तक

प्रत्याशियों की घोषणा : 10 सितम्बर, 2017 को मध्याह्न 1.30 से 3 बजे तक

मतदान (यदि आवश्यक हुआ) 17 सितम्बर, 2017 प्रातः 11 से सायं 4 बजे तक

चुनाव परिणाम : 17 सितम्बर, 2017 को मतगणना पश्चात्

नामांकन एवं मतदान स्थल : शीतला माता मन्दिर, जांगिड धर्मशाला, चाकसू (जयपुर)

-भगवान सहाय जांगिड

मुख्य चुनाव प्रभारी जिला सभा जयपुर

**टोडारायसिंह (टोंक) जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन 17 फरवरी, 2018 को**

टोडारायसिंह श्री विश्वकर्मा मंदिर में सामाजिक गतिविधियों को लेकर श्री रामस्वरूप जांगिड की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें समाज के उत्थान, कुरुतियों की रोकथाम पर चर्चा हुई। 17 फरवरी, 2018 सामूहिक विवाह सम्मेलन करने का निर्णय बैठक में लिया गया।

इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष श्री गोपाल लाल, मंदिर समिति अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश, सचिव श्री शिवजी राम, श्री जगदीश प्रसाद, संरक्षक श्री रामप्रसाद, श्री कैलाश चन्द सहित कई गाँवों से समाज बन्धु उपस्थित हुए।

**जिला सभा जयपुर द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, जिला सभा जयपुर द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार 24 सितम्बर, 2017 को दोपहर 12.15 बजे जांगिड ब्राह्मण प्रदेश सभा भवन, सेक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर में आयोजित किया जायेगा।

**आवेदन के लिए योग्यता, नियम एवं शर्तें :-**

जयपुर जिले में निवास करने वाले सभी विद्यार्थी जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं एवं उच्चतर कक्षाओं में शिक्षा सत्र 2016-17 की परीक्षाएं उत्तीर्ण की हो, राजस्थान एवं सी.बी.एस.ई. बोर्ड की कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 85% या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। सी.ए., सी.एस. फाईनल परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी, आई.आई.टी./एम.बी.बी.एस. में इस वर्ष चयनित विद्यार्थी एवं उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों एम.ए., बी.ए., बी.बी.ए., बी.टेक., एम.टेक., बी.सी.ए., एम.सी.ए. में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले इस वर्ष के विद्यार्थी, केन्द्र एवं राज्य सरकार में वर्ष 2017 में आई.ए.एस., आई.पी.एस., आर.ए.एस., आर.जे.एस. में चयनित होने वाले अधिकारीगण। किसी भी खेल में राज्य स्तरीय पदक प्राप्त खिलाड़ी।

उपरोक्त सभी आवेदन पत्र के साथ अंक तालिका, विशेष योग्यता का प्रमाण पत्र, एक पासपोर्ट साइज की फोटो, निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी संलग्न करें।

आवेदन प्रपत्र दिनांक 13 अगस्त, 2017 से उपलब्ध रहेंगें तथा आवेदन प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर, 2017 होगी।

आवेदन प्रपत्र जयपुर जिले की शाखा सभा, तहसील सभाएं, ब्लॉक अध्यक्ष, मंदिर समितियाँ, तथा सामाजिक जितनी भी

संस्थाएं हैं वहाँ उपलब्ध रहेंगें।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र श्री घनश्याम शर्मा (पंवार) जिलाध्यक्ष जयपुर मो. 9829052920

नोट : विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों के साथ समय से एक घण्टा पूर्व आकर अपना रजिस्ट्रेशन कराने के उपरान्त कार्यक्रम की समाप्ति तक उपस्थित रहना होगा। सम्मानित किए जाने वाले विद्यार्थियों के चयन का सर्वाधिकार जिलासभा जयपुर के पास होगा।

**उदयपुर विश्वकर्मा जांगिड विकास संस्था का शपथ-ग्रहण समारोह सम्पन्न**

6 अगस्त, 2017 को विश्वकर्मा जांगिड विकास संस्था की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी (वर्ष 2017) का शपथ ग्रहण समारोह संस्था भवन चित्रकूट नगर, उदयपुर में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि श्री दिनेश कुमार जांगिड 'सारंग' (आई.आर.एस.) उपायुक्त जी.एस.टी. अहमदाबाद थे तथा समारोह की अध्यक्षता श्री चिरंजीलाल जांगिड, अध्यक्ष विश्वकर्मा विद्यापीठ, सीकर द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथियों में राजस्थान सरकार द्वारा भामाशाह अलंकार से सम्मानित श्री नेमीचन्द जांगिड गाँधीधाम, श्री अशोक कुमार सुथार आर.ए.एस. अतिरिक्त आयुक्त, देवस्थान, विभाग उदयपुर तथा श्री सुरजाराम जांगिड उद्योगपति माधव स्टोन प्रा.लि. राजसमन्द थे। भगवान विश्वकर्मा की छवि पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। समारोह का आरंभ पं. अनन्त देव जी शर्मा द्वारा ईश वन्दना के साथ हुआ। अतिथियों द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राजेन्द्र शर्मा एवं पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा अतिथियों को स्मृति चिह्न भी भेंट किए गए।

संस्था सचिव श्री बलवन्त शर्मा द्वारा संस्था की प्रगति विवरण सदन के समक्ष रखा।

भामाशाह नेमीचन्द जांगिड द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

अतिथियों द्वारा संस्था की प्रगति पर सदस्यों को बधाई प्रेषित की तथा समाज के उत्थान में विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में संस्था की भूमिका की अहमियत बढ़ाने हेतु अपने-अपने विचार रखे।

कोषाध्यक्ष श्री बाबूलाल शर्मा ने पधारे हुए अतिथियों एवं सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

समारोह पश्चात् कार्यकारिणी द्वारा आयोजित सामूहिक भोज का अतिथियों व पधारे हुए सदस्यों ने आनन्द लिया।

**जांगिड फाउण्डेशन के तत्वावधान में नारी शक्ति ग्लोबल अवॉर्ड 2017 दिल्ली में आयोजित**

जांगिड फाउण्डेशन की ओर से 29 जुलाई, 2017 को दिल्ली में आयोजित नारी शक्ति ग्लोबल अवॉर्ड 2017 दिल्ली के ग्रेड एम्पायर बैंक्वेट हॉल में आयोजित एक भव्य समारोह में नारी ग्लोबल अवॉर्ड 2017 से सम्मानित किया गया। जांगिड फाउण्डेशन के तत्वावधान में इस कार्यक्रम को महिला बाल सुरक्षा सेवा समिति द्वारा आयोजन किया गया था। जांगिड मोटर्स एवं जांगिड फाउण्डेशन के चेयरमैन श्री राजेश शर्मा (जांगिड) की इस अनूठी पहल को सभी ने सराहा। समारोह में मुख्य अतिथि पश्चिम जिला दिल्ली पुलिस के पुलिस आयुक्त विजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अनिता रॉय, विशिष्ट अतिथि सहायक पुलिस आयुक्तों, थानाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया साथ ही समाज की विभिन्न विभूतियों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिनमें प्रसिद्ध उद्योगपति श्री पूरण चन्द शर्मा निवासी कानपुरा (खेड़ा) हाल निवासी कीर्ति नगर, दिल्ली, श्रीमती संतोष जांगिड पत्नी राजेश शर्मा (जांगिड मोटर्स), आर्टिस्ट एवं डांसर सोनू जांगिड (जिन्होंने लगभग 60 झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को किताबें, ड्रेस, बैग आदि मुहैया कराये) तथा अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति थे।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' का सन्देश भी इस कार्यक्रम में एक नृत्य के साथ प्रस्तुत किया गया, जिसको लोगों ने खूब सराहा एवं बेटियों के प्रति सोच को बदलने का संकल्प भी लिया।

**शाखा सभा अजमेर द्वारा मेधावी छात्र/छात्राओं तथा वृद्धजनों का सम्मान समारोह एवं सामूहिक गोठ का आयोजन**

20 अगस्त, 2017 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, शाखा सभा, अजमेर के तत्वावधान में बिरला सिटी वाटर पार्क, परबतपुरा, बाईपास, जयपुर रोड़, अजमेर पर मेधावी छात्र/छात्राओं तथा वृद्धजनों का सम्मान समारोह एवं सामूहिक गोठ का आयोजन करने जा रही है। प्रति वर्ष यह सम्मान समारोह 15 अगस्त को होता आया है, लेकिन इस वर्ष 15 अगस्त, 2017 को जन्माष्टमी होने से समारोह की तिथि 20 अगस्त, 2017 की गई है।

अजमेर नगर निगम क्षेत्र के जांगिड ब्राह्मण समाज के मेधावी छात्र/छात्राओं जिन्होंने वर्ष 2017 में सैकण्डरी बोर्ड की परीक्षाओं में 75% व स्नातक, अधिस्नातक एवं डिप्लोमा में 70% या उससे अधिक अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की है एवं जिन छात्र/छात्राओं ने आई.आई.टी., जेईई मैन्स, ए.आई.आई.एम.टी., ए.आई.आई. एम.एस. की प्रवेश परीक्षा में आद्रता मैरिट में आये तथा जिन वृद्धजनों की आयु 10 अगस्त, 2017 को 75 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनको सम्मानित किया जायेगा। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा तथा 15 अगस्त, 2017 तक अवश्य भरकर जमा कराना है। मेधावी छात्र/छात्राओं व वृद्धजनों का गोठ कूपन निःशुल्क रखा गया है तथा शेष समाज बन्धुओं के लिए प्रति व्यक्ति 120/-रु. का सहयोग कूपन तथा 5 वर्ष से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 70/-रु. का सहयोग कूपन रखा गया है।

कार्यक्रम अल्पाहार प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक, महासभा झण्डारोहण दोपहर 12.15 बजे, वरिष्ठजन/प्रतिभा सम्मान समारोह दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक तथा सामूहिक स्नेहभोज सायंकाल 5 बजे। विस्तृत जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र मो. 9829272986, 9314393536, 9413224998